# स्वैच्छिकता से ही आएगा बदलाव : उइके

## जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा द्वारा 4 जुलाई स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैछिकता पर्व का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष छिंदवाड़ा में आयोजित किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि अनुसुइया उईके पूर्व राज्यपाल रही।

इस अवसर पर समाज सेवी देवेंद्र उपासनी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, विकास खंड समन्वयक संजय बामने, संजीव भावरकर, अनिल बोबड़े, ललिता कुशरे, दीपक गेडाम, आशीष नेमा, वंदना राकेशिया, दिलीप आठनेर, भवानी कुमरे, एवं मंच संचालन राजेश तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवल कर किया गया।



जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर जन अभियान परिषद के प्रस्तावना, कार्य एवं उपलब्धियों को बताया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उईके ने सकारात्मक भाव से की गई सच्ची समाज सेवा के उदाहरण देते हुए कहा कि परिषद के कार्यकर्ता निस्वार्थ भावना से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच बनाई है जो एक समाज के लिए आदर्श है। विकासखण्ड समन्वयक दीपक गेडाम ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के एवं संजय बामने ने योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग मंत्री जगदीश देवड़ा के संदेश वाचन किया।

परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर का विडियों संदेश और परिषद के अनुकरणीय कार्यो पर आधारित लघु वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया। पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उईके ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में स्वैच्छिकता के भाव से ही बदलाव आएगा। आज स्वामी विवेकानंदजी के समाधि का दिवस भी है, हमें विवेकानंदजी एवं जन अभियान परिषद के प्रणेता स्व. अनिल माधव दवे के दिखाये गये मार्ग पर चलना होगा, जन अभियान परिषद शासन समाज के बीच एक सेतु के रूप में कार्य कर रहा है, हमें समाज का सिपाही बनकर समाज के सतत विकास एवं पर्यावरण के संरक्षण, समाज के हर कार्य में हिस्सा लेकर कार्य करना होगा तभी हम समाज में आपनी सार्थकता सिद्ध कर सकेंगे।

समाज सेवी देवेंद्र उपासनी ने अपने उदबोधन में कहा कि जन अभियान परिषद ने अपने प्रारंभ से ही समाज के छोट-छोटे तबकों, वर्गो, समूहों में जाकर समाज कें विकास को प्रगति देने का योजनाबद्ध कार्य किया है। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने प्रस्फुटनए नवांकुर एवं सीएम सी एल डी पी पाठयक्रम जेसी योजनाऐं जन अभियान परिषद की मजबूत नींव है यही नींव सफ्लता का पर्याय है।

आम लोगो में जन अभियान परिषद के प्रति जो विश्वास है उसके लिए प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं है, जल गंगा संवर्धन अभियान में भी परिषद ने काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अतिथियों द्वारा सभी को स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई गयी साथ ही स्वैच्छिक संगठनों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजकार्य विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।

कार्यक्रम उपरांत एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत अतिथियों को पौधे से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायत स्थित बगीचे में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन परामर्श दाता राजेश तिवारी ने एवं आभार विकास खंड समन्वयक दिलीप आठनेर ने किया। कार्यक्रम में जिला छिंदवाड़ा के समाज सेवी नवांकुर संस्थाओं परामर्श दाता ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कई जगह छापा मार कर अवैध कच्ची देसी महुआ शराब पकड़ी

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा थाना क्षेत्र में कच्ची देसी महुआ की शराब की बिक्री की शिकायत प्राप्त होने पर अनुभागी पुलिस अधिकारी रविंद्र मिश्रा के निर्देश पर एवं नगर निरीक्षक राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक दीपा ठाकुर, राघवेंद्र उपाध्याय, एसआई अशोक यादव, सहायक उप निरीक्षक करतार सिंह बघेल, बाघमारे, एनके बघेल, सहायक उप निरीक्षक रवि मालवीय, राजकुमार सनोडिया एवं अन्य स्टाफ द्वारा छापा मार करवाई की गई।

ग्राम करवडोल में रुकमणी के पास से, छिंदवाड़ा रोड ढाबा छोटे नामक युवक के पास में, ग्राम विनेकी में विनोद नामक युवक के पास से देसी कच्ची महुआ की शराब पकड़ी गई।

ग्राम सिंगोड़ी में फूलवती नामक महिला के पास से, पिपरिया राजगुरु में अरुण वर्मा, मंदानगढ़ में राम कुमारी, ग्राम पटनिया में छापामार करवाई कर उमेश के पास से, रवीना के पास से एवं नंदा के पास से भी कच्ची दारू जप्त की गई। वहीं ग्राम सरसडोल में सुखलाल आदि के पास से देसी कच्ची महुआ की शराब बिक्री करते समय घर-दबोचे गए।

सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 34 ए में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। साथ ही अवैध रूप से हाथ भट्टी दारू जहां भी बनाई जा रही है उन स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है ताकि आबकारी और पुलिस दोनों पृथक पृथक से छापामार कार्यवाही कर सके।

## सार समाचार

### गुरु पूर्णिमा पर अनगढ़ हनुमान मंदिर में होगा महामहोत्सव का भव्य आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय अनगढ़ हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सद्गुरु परिवार के द्वारा 10 जुलाई को गुरु पूजन के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में सदगुरु परिवार के देश, प्रदेश से साधकगण सम्मिलित होंगे जिसमें प्रातः 6 बजे शक्ति के आराध्य श्री मंगलमूर्ति हनुमान जी का अभिषेक, प्रातः 7.30 बजे से गीता पाठ, प्रातः 9 बजे साधकों की उपस्थिति में गुरु पादुका पूजन परम पूज्य नागेंद्र ब्रह्मचारी का किया जायेगा, गुरु आरती की जायेगी सुबह से शाम महिला मंडलों के द्वारा भजन कार्यक्रम का आयोजन शाम हनुमान जी की आरती भंडारा प्रसाद वितरण होगा जिसमें आसपास के ग्रामीण जन सहित पूरे देश से साधक गण एकत्र होंगे।

### तुलसी अमृत काटवले पांढुर्ना कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोनीत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार पांढुर्ना जिला कांग्रेस में कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी व कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके व वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से चर्चा के उपरांत विधि के जानकार तुलसी अमृत काटवले को पांढुर्ना जिला कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ में हुई नियुक्ति

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ में जिला महामंत्री एवं हर्रई ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नवनियुक्ति की गई है। जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामनारायण परतेती द्वारा अमरवाड़ा विधानसभा प्रभारी अजय मैद से चर्चा के उपरांत जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ में महामंत्री पद की जिम्मेदारी बैसाखू भलावी को सौंपी है। हर्रई ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर बृजभान शाह कुमरे मनोनीत किए गए है।

### कांग्रेस सेवादल ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर किया कार्यक्रम आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल ने स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले सहित अन्य ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर सेवादल के सभी पदाधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। राकेश मरकाम, बलराम सिंह चौहान, देशराज बारसकर, पंचम अमरोदे सहित कांग्रेस सेवादल के सभी पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### महिला कांग्रेस में हुई नियुक्तियां

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार जिला महिला कांग्रेस में उपाध्यक्ष, चौरई ब्लॉक महिला कांग्रेस में ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रभारी व छिन्दी ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे व जिला महिला कांग्रेस की प्रभारी मंजू बैस की सहमति उपरांत जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण चौधरी के द्वारा जिला महिला कांग्रेस में उपाध्यक्ष पद पर सुनीता जायसवाल को मनानीत किया गया है। चौरई ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर अंजलि सोनी एवं चौरई ब्लॉक महिला कांग्रेस प्रभारी स्वाति श्रीवास्तव, छिन्दी ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा मर्सकोले मनोनीत की गई है।

### मप्र राज्य कर्मचारी संघ छिंदवाड़ा की विशेष बैठक का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज 05 जुलाई 2025 दिन शनिवार दोपहर 0.3 बजे से मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की विशेष बैठक का आयोजन जिला पेंशनर्स सदन शुक्ला ग्राउंड छिंदवाड़ा में किया गया है। बैठक में म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ के सदस्यता अभियान के साथ नवीन कार्यकारिणी का गठन एवं जिला सम्मेलन पर चर्चा। शिक्षकों की ई-अटेंडेंस के संबंध में ज्ञापन सौपने का संकल्प पारित किया जाना आदि है।

# सागौन के 11 लट्ठे बरामद, छह आरोपी गिरफ्तार

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** । अमरवाड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन परीक्षेत्र अधिकारी रामानंद कश्तवार एवं गस्ती दल ने रात्रि में मुखवीर की सूचना पर अमरवाड़ा-सेजा-दुलारा मार्ग में एक पिकअप वाहन को अवैध रूप से कीमती सागौन लाते हुए धर दबोचा।

प्रकरण इस प्रकार बताया जाता है कि मुख्य वन संरक्षक छिंदवाड़ा मधु व्ही राज, वनमण्डलाधिकारी एल.के. वासनिक वन मंडल अधिकारी उप वन मंडलाधिकारी अमरवाड़ा सिद्धार्थ दीपांकर के मार्ग दर्शन एवं परिक्षेत्राधिकारी रामानंद कस्तवार के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र अमरवाड़ा के गस्ती दल द्वारा कार्रवाई की गई।

मध्यरात्रि मुखबिर की सूचना पर ग्राम सेजा दुलारा मार्ग पर बोरी माल में एक चौपहिया वाहन महिंद्रा पिकअप क्रमांक एम.पी.-28 जी.आई. 5229 को संदेह होने पर वन कर्मचारी द्वारा वाहन रोककर पूछ ताछ की गई।

जांच करने पर मौके पर विनिर्दिष्ठ वनोपज सागौन लठ्ठे 11 नग 0.988 घन मी. अवैध परिवहन करते पाए जाने पर चौपहिया वाहन पिकअप सहित जप्त कर भारतीय वन अधिनियम एवं अन्य अधिनियम (वनोपज एंव परिवहन) की विभिन्न धाराओं के तहत छह आरोपियों के विरुद्ध नामजद प्रकरण दर्ज किया गया। जिसकी विवेचना जारी है।

विवेचना से पता चल सकेगा कि ये वन माफिया ने और कितने क्षेत्रों में जाकर सागौन की अवैध कटाई की है।



# कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ने किया गुलाबी गैंग का समर्थन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गुलाबी गैंग का आरण अनशन के साथ साथ मिशन शराब, अहाते, अवैध शराब दुकाने और तिगांव के आदिवासी की गिरफ्तारी उपरांत हुई मौत को लेकर जहां अभियान जारी है तो वहीं धीरे धीरे आंदोलन उग्र होता जा रहा है और समर्थन में भी लोग आने लगे है। आमरण अनशन और फिर सुंदरकांड के पाठ के आयोजन के पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के एस.सी. प्रकोष्ठ की महिला अध्यक्ष संतोषी गजभिये ने भी गुलाबी गैंग की सभी धरना प्रदर्शनों और आमरण अनशन आदि का समर्थन दे दिया है जिससे आंदोलन में और बल मिलने ी संभावना है।

बता दें कि पांढुरना के तिगांव में भाउराव के परिवार को न्याय दिलाने एवं शहर के मुख्य स्थलों से शराब दुकानों, आहतों को शहर के बाहर करने के लिये इंदिरा तिराहे पर गत 3 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी गुलाबी गैंग कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा का अब कांग्रेस एस.सी. प्रकोष्ठ की संतोषी गजभिये ने भी आगे आकर समर्थन किया और गुलाबी गैंग के इस आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प दिया।

इस अवसर पर संतोषी गजभिये ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कभी भी आदिवासियों पर अत्याचार नहीं किया और न ही उन्होनें अपने कार्यकाल में इस तरह से आदिवासियों पर कोई अत्याचार होने दिया और न ही गली-गली शराब माफ्यिाओं को इस तरह से खुलेआम अवैध शराब बेचने के लिये बढ़ावा दिया है, परंतु वर्तमान भाजपा सरकार में ये सब खुलेआम चल रहा है, इस पर तत्काल रोक लगाने के लिये कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सहित समस्त कांग्रेस जन उनके साथ हैं।

उन्होनें शासन से मांग की है कि शीघ्र ही भाउराव की हत्या करने वाले दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जावे, अन्यथा आदिवासी को न्याय दिलाने के लिये अब वे भी सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगी।

# उच्च शिक्षा से ही होगा भाग्योदय : प्रो. विश्वकर्मा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर के अग्रणी कॉलेज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छिंदवाड़ा में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की मंशानुसार प्राचार्य डॉ. वाय. के. शर्मा के संरक्षण में कला, विज्ञान व वाणिज्य के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के संस्था की खूबियों को केन्द्र में रखकर आयोजित दीक्षारंभ समारोह में मुख्य वक्ता प्रसिद्ध भूगोलवेत्ता प्रो. डी.डी. विश्वकर्मा ने नवागंतुक छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि छात्र उच्च शिक्षा की शिक्षावृति से भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। जीवन अंत:करण से संचालित होता है। मन बुद्धि और चित्त का संयमीकरण ही अनुशासन होता है।

हिन्दी भाषा साहित्य के उद्भट विद्वान प्रो. लक्ष्मीचंद ने छात्रों को अपने विभागों की सुविधाओं के पूर्ण दोहन पर बल देते हुए कहा कि छात्रों की पात्रता बुद्धि ग्रहणशील बने और सामयिक सरोकारों के प्रश्नों का समाधान करे क्योंकि ज्ञान धुंधला होकर कुपात्रता को विकसित करता है। अपनी समुन्नत, शोधपरक व अकादमिक उत्कृष्टताओं के राजनीति विज्ञान के परे होता है।

प्रो. राजेंद्र कुमार मिश्रा ने सभाकक्ष में उपस्थित जिज्ञासु छात्रों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि अवधारणात्मक ज्ञान जीवन वृत्ति का समाधान है। मन की चंचलता, उत्तेजना और अशांति ज्ञानार्जन में बाधक होती है। अपने छात्रों की खेल गतिविधियों से छिंदवाड़ा का नाम भारत भर में गौरव प्राप्त कराने वाले क्रीड़ाधिकारी प्रो. सुशील कुमार पटवा ने कहा कि खेल छात्रों को उम्दा स्वास्थ्य के अतिरिक्त विषय की एकाग्रता, चित्तबद्धता और इंद्रियनिग्रह शिक्षा के अंतिम पायदान पर स्थापित करते हैं।

कैरियर गाइडेंस प्रभारी प्रो. पी.एन. सनेसर ने अपने उद्बोधन को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में अध्ययन कर रहे छात्र अपनी बुद्धि संश्लेषण, विश्लेषण और विवेचन को अपने अधिगम का अभिन्न हिस्सा बनाकर ज्ञानार्जन करेंगे तो बात बनेगी, अन्यथा किसी भी उच्च शिक्षित छात्र का बेरोजगारी का रोना रोना नाकाबिलियत को छिपाने की सबसे कारगर तरकीब है।

समारोह संयोजिका प्रो. साधना जैन ने शिक्षक छात्र संबंध को परिभाषित करते हुए कहा कि छात्र अपने चित्त की संस्कार भूमि की मेधा से कैरियर निर्माण की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं क्योंकि शैक्षिक साधना से आत्मतत्व का विकास ही साध्य है। मेजर शेखर ब्रह्मने ने कहा कि छात्र एन.सी.सी. के अनुशासन से छात्र सीखें कि आचार्य शिष्य को यथार्थ से साक्षात्कार करवाता है।

आचार्य की निष्ठा से शिष्य की आत्मनिष्ठा का एकीकरण न हो पाना दीक्षा का बेपटरी होना है। रा.से.यो. अधिकारी प्रो. महेंद्र साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सिखाती है कि शिक्षा सेवावृत्ति विकसित करे अन्यथा अपात्रता बढ़ेगी। बिना श्रद्धा पर टिका जीवन निष्फ्ल रहता है। प्रो. अजय नावरे ने वाणिज्य विषय से यह सीखने को रेखांकित किया कि श्रद्धा बुद्धि का अनुष्ठान है। पुरुषार्थ से भाग्योदय होता है, तत्पश्चात आत्म उत्कर्ष की प्राप्ति होती है।

समारोह का संचालन करती हुई प्रो. टीकमणि पटवारी ने छात्रों को उच्च शिक्षा के स्तंभों से सीख लेने पर जोर देते हुए कहा कि चेतनातत्व के जगने से अहंकार बुद्धि समाप्त होती है। तभी सत्य असत्य का विवेकीकरण होता है। हम सब ब्रह्मा की ओर से क्रिया के लिए नियुक्त हैं, अत: क्रियाशीलता बढ़नी चाहिए। चित्त की परमशांति बिना गुरु के संभव नहीं।

## दीक्षारंभ समारोह आयोजित



# भारतीय तैलिक साहू राहौर महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री बने हरीश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** समाजसेवी जिला साहू सभा के महासचिव, कर्तव्यनिष्ठ, सहज व्यक्तित्व एवं प्रखर वक्ता हरीश चुन्नीलाल साहू को उनकी सामाजिक सक्रियता एवं संगठनात्मक क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए। भारतीय तैलीक साहू राठौर महासभा नई दिल्ली यूथ बिंग का राष्ट्रीय महामंत्री संगठन नियुक्त किया गया है, यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी महासभा के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद रामनारायण साहू बाबूजी लखनऊ तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश साहू नागपुर की अनुशंसा पर राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एस.पी. गुप्ता (मुंबई) द्वारा प्रदान की गई।



हरीश साहू की ऊर्जावान कार्यशैली, उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता तथा युवाओं को एकजुट करने की प्रतिबद्धता से संगठन को नई दिशा एवं ऊर्जा मिलेगी। उनके नेतृत्व में युवा वर्ग समाज की मुख्यधारा से जुड़कर विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। राष्टीय संगठन महामंत्री पद की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए हरीश साहू ने राष्ट्रीय नेतृत्व के अटूट विश्वास पर खरा उतरने हेतु आश्वस्त करते हुए कहा समाज के सर्वांगीण विकास उत्थान के कार्य सामाजिक समरसता एकता अखंडता के साथ संगठन की गरिमा को बनाएं रखते हुए सतत् प्रयासरत होकर कार्य करते रहूंगा।

# शहर में फिर बढ़ा कुत्तों का आतंक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा में एक बार फिर कुत्तों का कहर बढ़ गया है, स्कूल जाते समय एक तो छोटे बच्चों का बोझ ऊपर से कुत्ते दौड़ लगाते है जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर पालिक निगम ने बधियाकरण कराया था लेकिन कुत्तों की जनसंख्या में वृद्धि अनवरत जारी है। नगर पालिक निगम से मांग की गई है कि वार्ड नम्बर 44 पूजा लॉज के पास पहाड़े कॉलोनी वार्ड नम्बर 43 और वार्ड नम्बर 41 की गलियों में आवारा कुत्तें विचरण करते है जिससे बच्चों को काटने के लिए परिजनों को भय बना रहता है इसलिए उन्हें पकड़कर अन्यत्र स्थानों में छोड़ा जावे की मांग की गई है।

# फॉर्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य किया हासिल

## अब किसानों को आसानी से मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य में किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में फॉर्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की गई है। इस प्रणाली के तहत प्रत्येक किसान का एक विशिष्ट किसान आई.डी. फार्मर आई.डी. बनाई जा रही है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराना है।



**छिंदवाड़ा जिले ने किया शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त, प्रदेश में बना दूसरा अग्रणी जिला**

जिले में कृषकों की फॉर्मर रजिस्ट्री बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 262908 के विरूध्द शत-प्रतिशत फॉर्मर रजिस्ट्री बनाए जाने का कार्य पूर्ण किया गया है। इस सराहनीय उपलब्धि के चलते छिंदवाड़ा जिले ने प्रदेश में व्दितीय स्थान प्राप्त किया है।

**युवा, पटवारी और कृषकों की संयुक्त भागीदारी**

जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री बनाए जाने का कार्य पटवारी, स्थानीय युवा, सी.एस.सी. सेंटर एवं कृषक द्वारा स्वयं भी किया गया है। यह सामूहिक सहयोग इस अभियान को सफल बनाने में सहायक रहा। जिले की इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व विभाग की पूरी टीम के साथ ही इन सभी का भी आभार व्यक्त किया है।

**सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री अनिवार्य**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि किसी हितग्राही द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं बनाई जाती है, तो उन्हें आगामी किस्त प्राप्त करने में परेशानी हो सकती है।

**फॉर्मर रजिस्ट्री से जुड़े लाभ**

शासन की विभिन्न योजनाएं जैसे पी.एम. किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि अवसंरचना निधि, कृषि विकास ऋण, फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) इन सभी का लाभ आसानी से प्राप्त करने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री बनाना अनिवार्य है। यह पहल किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सशक्त आधारशिला है।

छिंदवाड़ा जिले की यह उपलब्धि ना सिर्फ शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोगी है, बल्कि यह अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। फॉर्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को उनका सशक्त और अधिकारिक पहचान मिल रही है, जिससे उन्हें सभी लाभ योजनाओं तक सीधा और सरल रास्ता मिल सकेगा।

# एनएसएस के युवाओं ने जिला चिकित्सालय में किया रक्तदान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रक्तदान करने का जज्बा युवाओं में भी देखते ही बनता है। श्रम, सेवा, सहयोग के कार्यों की शुरुआत एक जुलाई को रक्तदान महादान से करते हुए जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में पहुंच कर एन.एस.एस. सेवादारो ने रक्तदान किया।

एन.एस.एस. के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफड़े के मार्गदर्शन में एन.एस.एस. के वरिष्ठ स्वयंसेवक चंचलेश वर्मा, सी.एम. राइस स्कूल के प्राचार्य अब्दुल हक खान, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी यशवंत प्रजापति ने रक्तदान कर साहस का परिचय देते हुए रक्तदान हेतु लोगों को जागरूक किया।

एन.एस.एस. के सेवादारो ने रक्तदान जैसे पवित्र कार्य के लिए रक्तदान कर सेवा की मिसाल पेश की। रक्तदान करने वालो को जिला चिकित्सालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मनोज अग्रवाल, एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी, आशीष साहू, जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक के समस्त स्टाफ के प्रति विशेष सहयोग हेतु आभार प्रकट किया। इस अवसर पर युवाओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी व्यक्ति की जान बचायेगा।

**सार-समाचार**

## मानेसर में राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में शामिल हुए महापौर




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लोकसभा सचिवालय भारत सरकार द्वारा हरियाणा शासन के सहयोग से हरियाणा के गुरुग्राम मानेसर 3 एवं 4 जुलाई को शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्तर के इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश भर से स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों एवं सांसद, विधायकों को आमंत्रित किया गया। नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहके भी इस सम्मलेन में अपनी सहभागिता दी। महापौर ने इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों से छिंदवाड़ा शहर के विकास एवं नवाचारों की चर्चा करते हुए विचारों को साझा किया।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, 16 जून से 03 जुलाई 2025 तक कुल 22,57 चालान, 10.38 लाख की वसूली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस द्वारा कल्याण चक्रवर्ती पुलिस उप महानिरीक्षक, छिंदवाड़ा रेंज के निर्देशन में रेंज स्तर पर चलाए गए विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के नेतृत्व में जिले भर में सघन वाहन चेकिंग एवं चालानी कार्रवाई की गई।

इस अभियान का उद्देश्य सड़कों पर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहनों पर कठोर कार्रवाई कर दुर्घटनाओं को रोकना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।अभियान अवधि 16 जून 2025 से 03 जुलाई 2025 के दौरान जिले में निम्नानुसार कार्रवाई की गई इसमें गलत साइड से वाहन चलाना को लेकर 151 प्रकरणों में 75,500/- की चालानी कार्यवाही की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करना पाऐं जाने पर 2048 प्रकरणों में 8,42,500/- रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। वाहन पत्रक व अन्य दस्तावेजों का अभाव में 58 पर 1,20,000/- रूपये की चालानी कार्यवाही इस तरह कुल 2257 प्रकरणों में 10,38,000/- की चालानी कार्यवाही की गई। यह अभियान जिलेभर में आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने और सुरक्षित यात्रा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु चलाया गया था। छिंदवाड़ा पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित सफर को प्राथमिकता दें। यह अभियान अभी भी जारी है।

## मिलजुल कर मनाएंगे मोहर्रम

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा थाना में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक एसडीएम हेमकरण धुर्वे एसडीओपी रविंद्र मिश्रा जिला भाजपा महामंत्री टीका राम चंद्रवंशी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र जैन विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा नगर निरीक्षक राजेंद्र सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अधिकारी विद्युत विभाग पुलिस अधिकारी को उनकी व्यवस्था की जिम्मेदारी को लेकर अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए की परंपरा के अनुसार इस बार भी शांति सांप्रदायिक सद्भाव एवं भाईचारे के साथ सभी मिलकर कौमी एकता की मिसाल प्रस्तुत करेंगे। नगर में ताजिया के सफर मार्ग गंज बाजार से संत तारण तरण मार्ग से होते हुए गांधी चौक पर पटेली मोहल्ला बड़ा मोहल्ला आजाद वार्ड पर शहीद चौक फवारा में विशेष व्यवस्था नगर पालिका एवं बिजली विभाग, सुरक्षा व्यवस्था पुलिस विभाग, गंज बाजार से लेकर शहीद चौक बस स्टैंड से लेकर नगर पालिका तक यातायात व्यवस्था सुचारू बनाएंगे। मोहर्रम ताजिया दोपहर को गंज बाजार पहुंचेंगे फिर सहीद चौक फावारा मैं रखे जाएंगे। रात्रि 8.30 बजे कर्बला की ओर प्रस्थान करेंगे। शुक्रवार को हुई शांति समिति की बैठक में जावेद खान सदर अंजुमन कमेटी, आरिफ शाह, बालकृष्ण साहू, गणेश साहू ,श्रुति शुक्ला इंजीनियर, (नगरपालिका) सुनील कनौजिया, राजा वसीम खान, निलेश साहू सिराज, शोएब अख्तर, रिजवान मंसूरी, याकूब खान ,इरशाद मंसूरी, बाबा, समद मंसूरी नवी शाह ,शरीफ पठान, इरफान मंसूरी ,फिजान खान उपस्थित रहे।

# 226 विद्यार्थियों को मिली लैपटाप राशि

**परासिया, देशबन्धु।** बारहवीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को लैपटॉप के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से 25 हजार की राशि खाते में डाली। जनपद पंचायत परासिया के द्वारा संगीतालय भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 226 विद्यार्थियों को लैपटॉप की 25 हजार की राशि प्रत्येक को प्रदान की गई।

इस अवसर पर बेहतर परिणाम देने वाले शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक सोहनलाल बाल्मिक, जनपद अध्यक्ष आशा आम्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष जमील खान, एस.डी.एम. पुष्पेंद्र निगम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी उपस्थित थे।



# उत्कृष्ट कार्यो के लिए अमरवाड़ा एसडीओपी सम्मानित

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अनुविभाग अमरवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रविंद्र मिश्रा को शुक्रवार को अंजुमन कमेटी एवं गणमान नागरिकों अधिकारियों की उपस्थिति में सम्मान किया गया।

एस.डी.ओ.पी. रविंद्र मिश्रा एक अच्छी शख्सियत मैं उनका नाम गिना जाता है उनके कार्यों की सराहना-प्रशंसा उनके द्वारा विशेष रूप से अमरवाड़ा अनुविभाग में लोकसभा, विधानसभा निर्वाचन एवं अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के अलावा संपूर्ण अमरवाड़ा अनुविभाग में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, निराकरण जनता से प्राप्त शिकायतों का शांतिपूर्वक निस्तारण कार्य किया।

साथ ही गुम हुई बालिकाओं को दस्तयाव कराने में मातहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित कर कार्य करने की विशेष क्षमता के साथ एन.डी.पी.सी. पाक्सो एक्ट, एस.सी. एस.टी. एक्ट की बारीकी से छानबीन कर बारीकी से छानबीन कर अपराधियों को दंडित करना के अलावे शिक्षण संस्थानों में भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं बालिकाओं को गुड-टच,



बेड-टच के बारे में छात्राओं को निर्भीकता के साथ शाला आना-जाना के बारे में हमेशा बताया।

रविंद्र मिश्रा के द्वारा यह विशेष ध्यान रखा गया कि समाज के समस्त वर्गों में सद्भाव कायम, महत्वपूर्ण व्यक्तियों, संस्थाओं की आम जनता के जानमाल की बेहतर सुरक्षा करने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर एस.डी.एम. हेमकरण धुर्वे, जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र जैन, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, अंजुमन कमेटी सदर जावेद खान, आरिफ मोहम्मद (सभापति नगर पालिका) नगर निरीक्षक राजेंद्र सिंह एवं राजा खान सहित अंजुमन कमेटी के समस्त पदाधिकारी तथा गणमान नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार से परेशान है जनता पूर्व विधायक ने सौंपा ज्ञापन



**परासिया, देशबन्धु।** भाजपा की तीन इंजन वाली सरकार में विकास व रोजगार को विराम लग चुका है, जबकि पूरी गति से केवल भ्रष्टाचार, अपराध और महंगाई दौड़ रही है जिसमें सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पिस रहा है। आम जनता को भनक भी नहीं लगती और रोजमर्रा की सामग्री से लेकर रेलवे का किराया बढ़ा दिया जाता है, जिसमें गरीब तबके का तेल निकल रहा है। भाजपा सरकार गरीब और आदिवासियों पर अत्याचार कर उनकी मेहनत व खून पसीने की गाढ़ी कमाई को चूस रही है। उक्त उदगार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम एस.डी.एम. को ज्ञापन प्रस्तुत करते समय व्यक्त किए।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया कार्यालय में मासिक बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए सतत संघर्षरत है। किन्तु भाजपा के सांसद, भाजपा की प्रदेश व केन्द्र सरकार के द्वारा जिले के विकास से कोसों दूर केवल झूठी वाहवाही लूट रही है।

उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों की खिलाफत और जिले के रूके हुए विकास पर भाजपा को जमकर घेरा। आयोजित बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया के द्वारा निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा के लिए भी विचार-विमर्श किए गए। बैठक उपरांत कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्तागण रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत ज्ञापन में कहा कि जुलाई से अनावश्यक रूप से रेलवे के किराए में बढ़ोत्तरी कर दी गई है जिससे गरीब वर्ग परेशान है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर फर्जी प्रकरण बनवाया गया है उसे तत्काल वापस लिया जाए। प्रदेश में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार पर तत्काल रोक लगाई जाए। वर्तमान में अमरवाड़ा विधानसभा के हर्रई में आदिवासी के साथ हुई बबर्रता की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन प्रस्तुत करते समय पूर्व विधायक लीलाधर पुरिया, नारायण शर्मा नपाध्यक्ष, गोविंद बिजौलिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, कमल राय समन्यवक, बसंत मालवीय नगर अध्यक्ष, वीर बहादुर सिंह ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष उमरेठ, मानक बेलवशी, सुनील जायसवाल उपाध्यक्ष नगर पंचायत, हरिप्रसाद गुड्डा नगर पंचायत चांदामेटा, अमजद खान, अंजलि श्रीवास्तव, गगन खंडूजा, सुशील जायसवाल, निसार खान पार्षद, सावित्री वर्मा, पूनम कैथवास, नीलोफर खान, ब्रजेश भालवी, प्रतिमा बैस आदि थे।

# मेधावी प्रोत्साहन योजना में 2932 से अधिक विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप राशि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश में मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने और डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कल 04 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लैपटॉप राशि का वितरण सिंगल क्लिक ट्रांसफर के माध्यम से भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम से किया गया। कार्यक्रम में 12 वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या अधिक अंक लाने वाले राज्य के कुल 94234 विद्यार्थियों को 25000 रूपये की राशि स्वीकृत की गई, जिससे वे स्वयं के लिए लैपटॉप खरीद सकें। छिंदवाड़ा तथा पांढुर्णा जिले कुल 2932 विद्यार्थियों को भी यह प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। यह कार्यक्रम राज्यभर के विद्यालयों में सजीव प्रसारण के माध्यम से दिखाया गया।

इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह के मुख्य आतिथ्य में छिंदवाड़ा शहर के शासकीय पी एम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलाशनगर में भव्य रूप से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक कमलेश प्रताप शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सार्थक प्रयास कर रही है, जिसके परिणाम स्वरूप सरकारी स्कूलों की स्थिति में पहले की तुलना में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा जिले का इस वर्ष का परिणाम उल्लेखनीय रहा है, जो शासन की योजनाओं, शिक्षकों के समर्पण और प्रशासनिक सतर्कता का परिणाम है। श्री शाह ने इस सफलता का श्रेय कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की सतत मॉनिटरिंग और गंभीरता को देते हुए उन्हें व जिला शिक्षा अधिकारी को विशेष रूप से बधाई दी।

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके पालकों और शिक्षकों की संयुक्त मेहनत का परिणाम है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें उनकी कड़ी मेहनत और अनुशासन का प्रतिफल है। उन्होंने उपस्थित छात्रों से कहा कि हर विद्यार्थी खुद से यह प्रश्न जरूर पूछे कि वह स्कूल क्यों आ रहा है। जब यह सवाल भीतर से उठेगा तो पढ़ाई भी एक मिशन बन जाएगी। श्री सिंह ने शिक्षकों और पालकों को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि एक मजबूत शिक्षा प्रणाली सभी की भागीदारी से ही बनती है।

इस अवसर पर शेषराव यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और लगातार इस दिशा में काम कर रही है, जिससे सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता और परिणामों में सुधार स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने आशा जताई कि ऐसे प्रयासों से आने वाले वर्षों में और भी अधिक विद्यार्थी प्रेरित होंगे और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में चयनित विद्यार्थियों को प्रतीक स्वरूप डमी चेक देकर 25000 रूपये की राशि का वितरण किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को यह राशि प्रदान की जाती है।

